



# सरियों से बना कॉलम फ्रेम 11 केवी लाईन से टकराया, 3 झुलसे

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 23 फरवरी।**

**गंभीर हालत में दो मजदूर ग्वालियर रैफर, पोरसा कस्बे में हुआ हादसा**

कस्बा पोरसा की अटेर रोड पर भवन निर्माण के दौरान प्रथम मंजिल पर कॉलम तैयार करने का काम करने के दौरान अचानक लोहे के सरियों से बना कॉलम फ्रेम तिरछा होकर ऊपर से गुजर रही 11 केव्ही लाईन से टकरा गया। जिससे फ्रेम को पकड़कर खड़े तीन मजदूरों को करंट का जोरदार झटका लगा और वे तीनों झुलस गए। दो मजदूरों को गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया है। जबकि तीसरे को उपचार के लिए पोरसा स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार कस्बा पोरसा में अटेर रोड पर चल रहे भन निर्माण कार्य में 23 फरवरी की सुबह मजदूर मकान के प्रथम तल पर कांक्रीट के कॉलम तैयार करने का काम कर रहे थे। कॉलम बनाने के लिए मजदूर सरियों से तैयार लोहे के कॉलिम फ्रेम को खड़ा कर कांक्रीट से भराव कर रहे थे। इसी कॉलम फ्रेम को तीन मजदूर दिनेश 40 पुत्र रामनारायण, रामविलास 27 पुत्र सियाराम और प्रह्लाद 28 पुत्र रामचरण सभी जातिगण माहौर निवासीगण धीरबल का पुरा हाथ से पकड़े हुए थे। कांक्रीट के भराव से कॉलम फ्रेम पर दबाव बढ़ा तो वह एक ओर तिरछा हो गया। इसी दौरान लोहे का बना फ्रेम ऊपर से गुजरी 11 केव्ही हाईटेंशन लाईन से टकराया और फ्रेम में जोरदार करंट प्रवाहित हो गया। करंट का झटका लगने से तीनों मजदूर बुरी तरह झुलसे और छत से नीचे गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने डायल-112 की मदद से तीनों मजदूरों को पोरसा स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत के चलते दिनेश और प्रह्लाद को ग्वालियर रैफर कर दिया गया। जबकि रामविलास को उपचार के लिए भर्ती किया गया है।

# 12वीं के बॉयलोजी के पेपर में 3 नकलची पकड़े, 283 अनुपस्थित


**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 23 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र के तत्वावधान में चल रहीं बोर्ड परीक्षाओं के तहत

**जिपं सीईओ ने बानमोर के 4 परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण**

23 फरवरी को 12 वीं कक्षा के अंतर्गत बॉयलोजी विषय का पर्चा संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीएस इंदौलिया ने बताया कि 23 फरवरी को 12 वीं की परीक्षा में कुल 8 हजार 416 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। इनमें 283 छात्र-छात्राएं परीक्षा में अनुपस्थित रहे। जबकि 8 हजार 113 परीक्षार्थी शामिल हुए। सोमवार को परीक्षा मे अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए तीन परीक्षार्थियों को पकड़ा गया। इनमें शासकीय हाईस्कूल मुरैनागांव में एक और अशासकीय पंडित नेहरू कॉलेज भाग-1 परीक्षा केन्द्र पर 2 परीक्षार्थी शामिल थे।

**पं. नेहरू स्कूल, संटपॉल स्कूल का निरीक्षण**

जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने 23 फरवरी को 12 वीं के पेपर में बानमोर क्षेत्र में बनाए गए 4 परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पं. नेहरू स्कूल, पं. नेहरू कॉलेज, शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय, संटपॉल स्कूल बानमोर परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर परीक्षा का निरीक्षण किया।



# एक साल से फरार हत्यारोपी रामू गुर्जर गिरफ्तार


**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 23 फरवरी।** हत्या के अपराध में विगत एक साल से फरार चल रहे रामू गुर्जर को नूराबाद पुलिस ने 23 फरवरी को

**एसपी मुरैना ने घोषित किया था पांच हजार का ईनाम**

गिरफ्तार कर लिया। उसके ऊपर एसपी मुरैना समीर सौरभ ने पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था। जानकारी के अनुसार नूराबाद थाने में दर्ज अपराध क्रमांक-200/24 बीएनएस की धारा-103(1), 296, 191(2), 191(3), 190 में नामजद रामू गुर्जर पुत्र रामलखन सिंह गुर्जर निवासी ग्राम धनेला सुमावली रोड मुरैना बीते एक साल से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। 23 फरवरी को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नूराबाद पुलिस ने हत्यारोपी रामू गुर्जर को सुमावली रोड से गिरफ्तार कर लिया। कार्यवाही में थाना प्रभारी एसआई सौरभ पुरी, प्र.आर. लोकेश, आरक्षक सुरेन्द्र कुशवाह, गोपेश तोमर, सुरेन्द्र, आशीष शामिल थे।



# 30 मार्च को मनाई जाएगी भगवान महावीर की जयंती



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 23 फरवरी।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव प्रति वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष तिथि भ्रम

**निर्यापक श्रमण सुधासागर एवं प्रमाण सागर ने दिया मार्गदर्शन**

के कारण सरकारी कैलेंडर में 31 मार्च की महावीर जयंती घोषित कर 31 मार्च को ही अवकाश घोषित किया गया है। जैन परम्पराओं, जैन पंचांग एवं जैन कैलेंडरों के अनुसार महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव सोमवार 30 मार्च को ही मनाया जाएगा। भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के संदर्भ में जिज्ञासा समाधान में पूछे गए सवाल पर निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर महाराज ने बताया कि इस वर्ष महावीर जयंती सोमवार 30 मार्च को मनाई जाएगी। भगवान महावीर स्वामी का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को हुआ था। यह तिथि इस वर्ष 30 मार्च को प्रात: 07 बजे से शुरू हो रही है और इसका समापन 31 मार्च को प्रात: करीब 7 बजे होगा। उसके बाद चर्तुदशी तिथि आरंभ हो जाएगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार उदयातिथि मानी जाती है। इस मान से 30 मार्च को त्रयोदशी तिथि नहीं है। 31 मार्च को सूर्योदय के समय तेरस है, लेकिन वह केवल सुबह 07 बजे तक है और महावीर कल्याणक के कार्यक्रम सुबह 07 बजे तक हो नहीं सकते, सभी आयोजन 07 बजे के बाद ही होना संभव होगा। इसलिए सोमवार 30 मार्च को ही भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जाना चाहिए।

# लोडिंग वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 17 फरवरी।** बागचीनी थाना क्षेत्र में विगत 21 फरवरी को जौरा रोड पर तिखनी पुलिया के नजदीक लोडिंग वाहन क्र. एमपी06-जीए-3918 के चालक ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी थी। हादसे में मोटरसाईकिल पर सवार गिर्राज कुशवाह 20 पुत्र कालीचरण कुशवाह नि. हरीसिंह का पुरा की मौत हो गई, जबकि शांता और अंकित कुशवाह नि. सांटा बुरी तरह जख्मी हो गए थे। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद लोडिंग वाहन के ड्राईवर के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत अपराध कायम कर लिया है।

**ट्रेलर ट्रक के ड्राईवर पर धारा-106 का केस दर्ज**

**मुरैना, 23 फरवरी।** सरायछौला थाना क्षेत्र में विगत 10 फरवरी को ट्रेलर ट्रक क्र. एचआर38-जे-6727 के चालक ने एनएच-44 पर बाबा देवपुरी मंदिर के पास बाइक पर सवार अजय जाटव 19 पुत्र रामसनेही जाटव नि. ग्राम सुसानी सुमावली और विवेक पुत्र दिलीप जाटव नि. बतोखर सबलगढ़ को टक्कर मार दीं थी। हादसे में अजय की मौत हो गई, जबकि विवेक जख्मी हुआ था। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद ट्रेलर ट्रक के ड्राईवर के विरुद्ध बीएनएस की धारा-106 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# जिले में चना-मसूर उपार्जन के लिए 63 पंजीयन केन्द्र बनाए

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 23 फरवरी।** मप्र शासन द्वारा वर्ष-2026 को कृषि वर्ष घोषित किए जाने के अंतर्गत किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य

**20 फरवरी से 16 मार्च तक कृषक करा सकेंगे पंजीयन**

उपलब्ध कराने एवं हितों के संरक्षण के उद्देश्य से समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इसके तहत मुरैना जिले में गेहूं खरीदी के लिए निर्धारित 63 पंजीयन केंद्रों पर ही चना एवं मसूर के लिए किसानों का पंजीयन किया जाएगा। इन केंद्रों पर किसानों का नि:शुल्क पंजीयन 20 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक किया जाएगा। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशानुसार तहसीलवार पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए है। जिसमें तहसील अंबाह, सेवा सहकारी समितियां बिरहरूआ, सिकरौढ़ी, रिठौरा, गोठ, खड़ियाहार, दिमनी, बरबाई, उसैदपुरा, कसमड़ा, लक्ष्मबसई तथा विपणन सहकारी समिति अंबाह। तहसील पोरसा में सेवा सहकारी समितियां रजौधा, कुरैठा, भौनपुरा, अरोंन, सेंथरा अहीर, सांगोली एवं विपणन सहकारी समिति पोरसा। तहसील मुरैना में जौंगनी, अजनोधा, मृगपुरा, दीखतपुरा, जैतपुर नूराबाद, धनेला, जारह, पिपरसेवा, रिठौराकलां, पढ़ावली, दत्तहरा, बड़ागांव नावली, बिचौला, पिड़ावली, शिवलालपुरा, जरेरुआ तथा विपणन सहकारी समिति मुरैना। तहसील जौरा में मुन्द्रावजा, भैंसरोली, पहाड़गढ़, खाण्डौली, खनेता, परसौटा, निटहरा, जौरा, मैनाबसई, चैना, पचोखरा, सुजानगढ़ी, उत्तमपुरा, रजौधा, सुमावली, गलेथा, धमकन, इटावली एवं विपणन सहकारी समिति जौरा। तहसील कैलारस में सेवा सहकारी समितियां कैलारस, तिलोंजरी, सुजरमा, मामचौन एवं विपणन सहकारी समिति कैलारस। तहसील सबलगढ़ में सेवा सहकारी समितियां टेंटरा, रामपुरकलां, कुल्होली एवं जाबरोल शामिल हैं। पंजीयन के लिए किसानों को आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर एवं समग्र आईडी साथ लाना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान आधार आधारित बायोमेट्रिक अथवा ओटीपी के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा।

**राजस्व अधिकारियों की बैठक आज होगी**

**मुरैना, 23 फरवरी।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आज 24 फ़रवरी को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इनमें प्रमुख रूप से आरसीएमएस, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, साइबर तहसील, पीएम एवं सीएम किसान योजना, फार्मर रजिस्ट्री, खसरा, ई-केवायसी, स्वामित्व योजना, मजरा-टोला से ग्राम बनाए जाने की स्थिति, नजूल भूमि आवंटन, व्यपवर्तन एवं डाटा परिमार्जन आदि शामिल हैं।

## एक नजर में

### जिला सड़क सुरक्षा सामिति की बैठक आज

**मुरैना, 23 फरवरी।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज 24 फ़रवरी को सायं 6 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति से जुड़े पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई।

### जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक कल

**मुरैना।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक कल 25 फ़रवरी को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यगण उपस्थित रहेंगे तथा जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति एवं संबंधित विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### पहाड़गढ़ में युवक की मारपीट का मामला दर्ज

**मुरैना।** पहाड़गढ़ पुलिस ने सुल्तान कुशवाह पुत्र होतम सिंह कुशवाह नि. कट्टौली की रिपोर्ट पर लोकमन कुशवाह, केशो कुशवाह, रवि कुशवाह, बंटी कुशवाह के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

### जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आज

**ग्वालियर 23 फरवरी।** जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आज 24 फरवरी को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक प्रात: 10.30 बजे कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान की अध्यक्षता में बाल भवन में आयोजित होगी। बैठक के बाद संबंधित अधिकारियों को जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। ज्ञात हो जनगणना 2027 से संबंधित गतिविधियों के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिये कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी रुचिका चौहान की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में आयुक्त नगर निगम संघ प्रिय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी अनिल बनवारिया, प्रभारी जिला योजना अधिकारी सूर्यकांत त्रिपाठी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्रीमती तृप्ति निगम, जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी, प्रभारी परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्रीमती भूमिजा सक्सेना व जनसंपर्क अधिकारी हितेन्द्र सिंह भदौरिया को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

**अधिकारियों का प्रशिक्षण भी होगा :** जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक के बाद आज को बाल भवन के एसक्यूआई सभागार में जनगणना कार्य में संलग्न किए गए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के समस्त चार्ज व सह चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, अपर तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी भाग लेंगे। यह प्रशिक्षण 25 फरवरी को भी जारी रहेगा। इसी प्रकार नगर पालिक निगम ग्वालियर के नगर जनगणना अधिकारी, जोनल चार्ज अधिकारी एवं लिपिकों का प्रशिक्षण 26 व 27 फरवरी को बाल भवन में रखा गया है।

### पेंशन प्रकरणों का निराकरण करने प्रशिक्षण 26 फरवरी को


**मुरैना, 23 फरवरी।** संचालनालय पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा, मप्र द्वारा राज्य स्तरीय केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल के अंतर्गत भविष्य में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला पेंशन अधिकारी मुरैना ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण 26 फ़रवरी को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) मुरैना में आयोजित होगा। प्रशिक्षण का समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से निर्धारित समय पर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# बैंकर्स पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएं

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 23 फरवरी।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने समस्त बैंकर्स को निर्देशित किया है कि वे प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के

**डीएलसीसी बैठक में कलेक्टर ने कहा मिशन मोड में काम कर 15 मार्च तक लक्ष्य पूर्ण करें**

क्रियान्वयन में प्राथमिकता के साथ कार्य करें तथा आगामी 15 दिनों तक मिशन मोड में रहकर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समयबद्ध एवं प्रभावी



कार्यवाही से ही मुरैना अग्रणी रहेगा। कलेक्टर सोमवार को जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति (डीएलसीसी) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, आयुक्त नगर निगम सहित पशुपालन, उद्योग, उद्यानिकी एवं अन्य विभागों के अधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के प्रबंधक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जांगिड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, पीएमएफएमई, सावित्रीबाई फुले, बिरसा मुंडा, टंट्या मामा, डॉ. अंबेडकर एवं संत रविदास सहित अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे तथा उपलब्ध बजट का समय पर उपयोग हो, इसके लिए बैंकर्स सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बैंकर्स 15 मार्च तक निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें तथा आवेदनों को केवल आवश्यक कमियों की स्थिति में ही निरस्त किया जाए, ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

**नवयुवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की : मुरैना।** नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम बगिया का पुरा शिकहरा में 22 फरवरी को राधा भदौरिया 18 पुत्री रामनरेश भदौरिया ने अपने घर मे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।


## आम सूचना

मैसर्स खाटूश्याम सर्विसेस प्रोवाइडर जर्ये पार्टनर श्री बेताल सिंह पुत्र श्री रामलखन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.91, स्थित श्री खाटूश्याम कॉलोनी फेस-2, ग्राम जैतपुर नूराबाद, तहसील बामौर व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.05 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.97/3 ग्राम जैतपुर नूराबाद का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में- रास्ता, पश्चिम में-भूखण्ड क्र.89 का भाग, उत्तर में-भूखण्ड क्र.102 एवं 103 एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.90 पर भवन चंद्रभान है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री अरविन्द कुमार गुप्ता पुत्र श्री कल्याणचंद्र गुप्ता, श्री मनीष गुप्ता पुत्र श्री रमेशचन्द्र गुप्ता एवं श्री नितेश गुप्ता पुत्र श्री शियाशरण गुप्ता एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री अरविन्द कुमार गुप्ता, श्री मनीष गुप्ता एवं श्री नितेश गुप्ता द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.225 हैक्टेयर एरिया मैसर्स खाटूश्याम सर्विसेस प्रोवाइडर जये पार्टनर श्री बेताल सिंह पुत्र श्री रामलखन को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 25792024ए11231900 दिनांक 14.10.2024 से विक्रय की गई। मैसर्स खाटूश्याम सर्विसेस प्रोवाइडर जये पार्टनर श्री बेताल सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री जीतेन्द्र पुत्र श्री रघुवीर के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री जीतेन्द्र द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मुथूट होमफिन (इण्डिया) लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**


# श्रीमूर्ति महामाया मंदिर ट्रस्ट मंडल की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 23 फरवरी।** श्रीमूर्ति महामाया मंदिर न्यास मंडल की विशेष बैठक 22 फरवरी को महामाया मंदिर स्थित धर्मशाला में संपन्न हुई। जिसमें ट्रस्ट मंडल एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारियों सहित मांझी एवं बाथम समाज के लोग उपस्थित थे। बैठक में वर्तमान प्रबंध समिति द्वारा शुरू की गई निर्वाचन प्रक्रिया को अवैधानिक बताते हुए सर्वसम्मति से निरस्त किए जाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर मंदिर सहित धर्मशाला का संचालन कार्य ट्रस्ट मंडल द्वारा अपने हाथों में लिए



जाने का निर्णय लिया। जिसके लिए बैठक में संचालन समिति का गठन भी किया गया। इस समिति में दासी बाथम, इंदरसिंह बाथम, विनोद बाथम, बलराम बाथम, रामनरेश कश्यप, दयाकिशन बाथम, घनश्याम बाथम को सदस्य बनाया गया है। गठित संचालन समिति द्वारा मंदिर व धर्मशाला का संचालन किया जाएगा। संपन्न हुई बैठक में रिटायर्ड शिक्षक धनीराम, राजवीर बाथम, गौरव बाथम, कमलकिशोर बाथम, देवेन्द्र बाथम, विजयकुमार बाथम सहित जौरा, कैलारस, बानमौर एवं ग्वालियर से आए समाजबंधु मौजूद थे।


**कार्यालय, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**
**क्रमांक-410...मुरैना**
**दिनांक-20/02/2026**

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. एचआईजी-917 ओल्ड हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जौराखुर्द मुरैना जो कि श्री रामनरेश शर्मा पुत्र श्री ब्रह्मजीत शर्मा के नाम से इंद्राज है। इनके द्वारा उक्त भवन को श्रीमती राजेन्द्री देवी पत्नी लाल सिंह तोमर के अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/ नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.

**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल**
**संभाग-मुरैना म.प्र.**